Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / पनिका / 2024– 420 दिनांक : 03 मई, 2024

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित सत्र 2023–24 के अंतिम सेमेस्टर परास्नातक पाठ्यक्रम के लघु शोध प्रबंध एवं मौखिकी सम्पन्न कराये जाने हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर दिशा–निर्देश जारी किया जाता है।

अतएव समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि संलग्न दिशा–निर्देश के अनुसार लघु शोध प्रबंध एवं मौखिकी सम्पन्न करायेंगे।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

प्रो0(विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
3. प्राचार्य, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

परास्नातक अंतिम सेमेस्टर में शोध–प्रबंध के मूल्यांकन के सन्दर्भ में निर्देशः–

शोध–प्रबंध (Dissertation) का मूल्यांकनः–

- विद्यार्थी लघु शोध प्रबंध परास्नातक के अंतिम सेमेस्टर में टंकित एवं सजिल्द (Typed and Binding) स्वरूप में महाविद्यालय में जमा करेगा।
- परास्नातक अंतिम सेमेस्टर में विद्यार्थी के लघु शोध प्रबंध का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त दो परीक्षकों (एक आन्तरिक एवं एक बाह्य) द्वारा 100 अंको के सापेक्ष किया जायेगा। यहाँ आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित विद्यार्थी का सुपरवाइजर होगा तथा बाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किया जायेगा।
- दोनो परीक्षक (आन्तरिक एवं बाह्य) विद्यार्थी द्वारा जमा किये गए लघु शोध प्रबंध का मूल्यांकन करेंगे तथा विद्यार्थी परीक्षकों के समक्ष अपने शोध कार्य का प्रस्तुतीकरण देंगे। परीक्षक प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन एवं मौखिकी भी सम्पन्न करायेंगे।
- बाह्य एवं आन्तरिक परीक्षक लघु शोध प्रबंध के मूल्यांकन में साहित्यिक चोरी (प्रत्येक विद्यार्थी का लघु शोध प्रबंध एक समान न हो) का भी परीक्षण करेंगे।
- महाविद्यालय बाह्य परीक्षक से संपर्क करके मूल्यांकन सम्पन्न करवाएंगे तथा बाह्य परीक्षक अपने समक्ष मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक